आचार्यकुलम् Acharyakulam

शिक्षा संस्कारः अभ्युदयः निश्रेयसः

Prospectus 2024-25

संस्थापक व संरक्षक || Founders & Patrons

परम पूज्य स्वामी रामदेव Param Pujya Swami Ramdev

श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण Shraddheya Acharya Balkrishna

आशीर्वचन II BLESSINGS

॥ सा प्रथमा संस्कृतिर्विश्ववारा ॥

India has been the leading country in the world in knowledge, wisdom, literature, music, art, and culture from the very beginning.

एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः।
स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः॥ – मनु0 2/20

Philosopher travellers from across the world visited India from time to time to gain knowledge of its religion, philosophy, literature, medicine, astronomy, astrology and mathematics from its sacred texts. Up to the 18th century, India had been an ideal country in the world in educational, economic, social, and spiritual fields. In the 18th century, our contribution to the world market was 33% and our income was 27% of the total income of the world. The literacy rate in the country was 97%. According to the famous German scholar Max Muller, English scholar G.W. Leitner and the then British Government, the number of primary and secondary Gurukuls was 7 lac 32 thousand. The centres of higher education were 14 thousand where at least 18 subjects ranging from Mathematics, Astronomy, Astrophysics, Physics, Chemistry, Geology, Metallurgy, Philosophy, Surgery and Medical Science, Technology and Management were taught. The British rulers, having the hidden agenda to keep us enslaved for centuries, tried to ruin our rich and prestigious tradition of wisdom by destroying our whole educational system.

सा प्रथमा संस्कृतिर्विश्ववारा ॥

भारत सृष्टि के आदिकाल से ही ज्ञान–विज्ञान, संगीत, कला व संस्कृति के क्षेत्रों में विश्व में अग्रणी रहा है।

एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः।
स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः॥ – मनु0 2/20

विश्व के सभी देश भारत में आकर ज्ञान–विज्ञान की दीक्षा लिया करते थे तथा भारत को अपने आध्यात्मिक गुरु व मार्गदर्शक के रूप में स्वीकार करते थे। अठारहवीं शताब्दी तक भारत शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक व आध्यात्मिक दृष्टि से विश्व के आदर्श देशों की श्रेणी में रहा है। अठारहवीं शताब्दी में विश्व बाजार में हमारी 33 प्रतिशत सहभागिता थी तथा विश्व की कुल आय में हमारी सहभागिता 27 प्रतिशत थी। देश में साक्षरता की दर 97 प्रतिशत थी। प्रसिद्ध जर्मन विद्वान मैक्समूलर, अंग्रेज विद्वान जी. डब्ल्यू. लाइटनेर एवं तात्कालिक ब्रिटिश सरकार के दस्तावेजों के अनुसार प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के लगभग 7 लाख 32 हजार गुरुकुल थे। इसके साथ–साथ 14 हजार से अधिक उच्च शिक्षा के केन्द्र थे, जिनमें गणित, नक्षत्र विज्ञान, नक्षत्र भौतिकी, भौतिकी, रसायन, भूगर्भ विज्ञान, धातु विज्ञान, दर्शन शास्त्र, शल्य चिकित्सा व चिकित्सा विज्ञान से लेकर विज्ञान, तकनीकी व प्रबन्धन आदि से संबंधित कम से कम 18 विषय पढ़ाये जाते थे। अंग्रेजों ने भारत को सदियों तक गुलाम बनाने के षड्यंत्र के तहत हमारी सम्पूर्ण शिक्षा व्यवस्था को नष्ट कर हमारी समृद्ध व गौरवशाली ज्ञानपरम्परा को खण्डित करने का घृणित प्रयास किया।

आशीर्वचन II BLESSINGS

Today, there are many institutes of science, management, and technology that exist in the our country but we are not able to inculcate our tradition and culture amongst the students. We want to make our culture, *sanskaras*, history, *yoga*, meditation, and good values a part of today's education system. We want to Indianise it. By awakening the hidden great self and by developing the holistic personality of the student, we want to groom him/her to become the most successful, greatest, fully awakened, fully able, industrious, and ideal human being of the world.

Through the University of Patanjali and Acharyakulam, we want to set an example by developing such a tradition of *Vaidic Rishi Sanskriti* and *Gurukuliya parampara* that after *Deekshant*, graduates of our institute will not be roaming here and there in search of a job at the mercy of others; rather they themselves will provide health, self-dependence and employment by creating job opportunities for others.

We want to build up such a foundation of *sanskaras* in the children of Acharyakulam that, be it the University of Patanjali or any other institute in the world, wherever they go they will not be influenced by the sensual materialism of the West. Rather we want to prepare such fully awakened and conscious scholars who will be able to change the course of flow of the current times.

Swami Ramdev

देश में हमारे पास विज्ञान, प्रबंधन व तकनीकी की शिक्षा देने वाले अनेक विश्व प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान हैं, परन्तु फिर भी हम अपने शिक्षा संस्थानों में अपने संस्कारों व संस्कृति को पूरी तरह समाविष्ट नहीं कर पा रहे हैं। हम आचार्यकुलम् व पतंजलि विश्वविद्यालय के माध्यम से उन्नत शिक्षा के साथ–साथ वेद–वेदांग, भारतीय संस्कृति, संस्कार, इतिहास, योग, ध्यान, संयम व सदाचार को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाना चाहते हैं। हम शिक्षा का भारतीयकरण या स्वदेशीकरण करना चाहते हैं। हम बच्चों में छुपे महामानव को जागृत कर शिक्षा व संस्कारों से उसका पूर्ण विकास कर, उसे दुनिया का सफलतम, श्रेष्ठ, पूर्ण जागृत, पूर्ण समर्थ, पुरुषार्थी इंसान बनाना चाहते हैं।

हमारे संस्थान के स्नातक गुरु–आश्रम से जाकर किसी अन्य की दया के पात्र या आश्रित होकर रोजगार की तलाश में न भटकें, अपितु वे स्वयं रोजगार सृजन करके अन्यों को स्वास्थ्य, स्वावलम्बन व रोजगार दें, ऐसी श्रेष्ठ वैदिक ऋषि संस्कृति की गुरुकुलीय परम्परा की प्रतिष्ठापना का एक उच्च आदर्श हम पतंजलि विश्वविद्यालय व आचार्यकुलम् के माध्यम से प्रस्तुत करना चाहते हैं।

आचार्यकुलम् के विद्यार्थी चाहे हमारे पतंजलि विश्वविद्यालय में या दुनिया के किसी भी विश्वविद्यालय में जायें, हम उनको संस्कारों का ऐसा आधार देना चाहते हैं, जिससे वे पश्चिमी दुनिया के भौतिक वासनात्मक प्रभाव से प्रभावित न हो, अपितु युग के प्रवाह को बदलने में समर्थ हो सकें। ऐसे पूर्ण सक्षम एवं पूर्ण जागृत विवेकशील विद्यार्थी हम आचार्यकुलम् में तैयार करना चाहते हैं।

स्वामी रामदेव

"भगवान् महान कार्य करने के लिए तुम्हारा चयन करना चाहते हैं।
तुम उस विराट को अपने भीतर समग्रता से उतरने तो दो।" – "स्वामी रामदेव"

आशीर्वचन II BLESSINGS

Children are the future of any nation and are at the centre of the dreams and aspirations of the parents. Parents wish to see their children achieve great heights. They aspire to give their children the best of education and the best of values. 'Acharyakulam' is the confluence of ancient *Vaidic* learning and the best of modern education. We wish to groom up leaders with high moral values along with the best of modern education through Acharyakulam.

In the earlier times, the leaders of our nation used to be nurtured in the *Gurukulas,* where pupils used to study the *Veda-Vedangas* along with the art of defence, economics and virtues and thereby gained the ability of critical thinking of what was right and what was wrong. Hence honest, austere and self-disciplined people held the supreme place amongst individuals, family, society and the nation. Unfortunately, today's leaders of our country are being groomed in Convent Schools and foreign institutions like Oxford, Cambridge, Harvard. We have to prepare social, cultural, spiritual, economic, industrial, political, scientific and intellectual leadership through Acharyakulam and other erudite programmes. Unfortunately, in today's experts, leaders and intelligentsia feelings and values of spirituality, *Bhartiyata* (Indianness) and selfe steem are withering on the vine. We will groom up such leadership tinged with spirituality, *Bharatiyata,* and self esteem who will have the amalgamation of modernization and *Bharatiyata.*

Acharyakulam shall play a pivotal role in nurturing superior and fully awakened citizens.

I heartily wish all the Children, Parents, and Guardians a successful, prosperous and pious life ahead.

Acharya Balkrishna

बच्चे किसी भी देश का भविष्य होते हैं तथा माता–पिता की आशाओं और सपनों के केन्द्र होते हैं। हर एक माता–पिता अपने बच्चों को दुनिया में सबसे ऊँचाई पर देखना चाहते हैं। माता–पिता बच्चों को दुनिया की सबसे श्रेष्ठ शिक्षा देने के साथ–साथ उनको श्रेष्ठतम संस्कार भी देना चाहते हैं। भारत की सनातन आर्ष शिक्षा परम्परा में शिक्षा एवं संस्कारों का श्रेष्ठतम दिव्य समन्वय था। उसी सनातन आर्ष ज्ञान परम्परा एवं आधुनिक शिक्षा व्यवस्था का संगम है 'आचार्यकुलम्'। आचार्यकुलम् में हम एक ओर जहाँ आधुनिकतम शिक्षा देंगे, वहीं दूसरी ओर संस्कारों के द्वारा उनमें श्रेष्ठतम नेतृत्व भी पैदा करेंगे।

पहले भारत का नेतृत्व गुरुकुलों में तैयार होता था, जहाँ पर विद्यार्थी वेद–वेदांगों के साथ–साथ शस्त्रविद्या, नीतिशास्त्र व अर्थशास्त्रों का भी अध्ययन करके सही व गलत की विवेचना करने की क्षमता प्राप्त कर लेते थे। तब व्यक्ति, परिवार, समाज व राष्ट्र में ईमानदार, संयमी, सदाचारी व्यक्तियों का सर्वोपरि स्थान होता था। दुर्भाग्य से आज देश का नेतृत्व कॉन्वेंट स्कूलों एवं ऑक्सफोर्ड, कैंब्रिज, हार्वर्ड आदि विदेशी शिक्षा संस्थानों में तैयार हो रहा है। सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, आर्थिक, व्यवसायिक, राजनैतिक, वैज्ञानिक व बौद्धिक नेतृत्व हमें आचार्यकुलम् एवं अन्य ज्ञानानुष्ठानों से तैयार करना है। दुर्भाग्य से आज विशेषज्ञों, नेतृत्वकर्त्ताओं व बुद्धिजीवियों में आध्यात्मिकता, भारतीयता व स्वाभिमान का भाव व संस्कार अत्यन्त क्षीण या मृतप्राय हो गया है। हम सभी क्षेत्रों में भारतीयता, आध्यात्मिकता व स्वाभिमान युक्त नेतृत्व तैयार करेंगे जिसमें आधुनिकता व भारतीयता का समग्र समावेश होगा।

आचार्यकुलम् देश के लिए श्रेष्ठतम, पूर्ण जागृत नागरिक तैयार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

सभी विद्यार्थियों व अभिभावकों को मंगलमय जीवन की अनन्त शुभकामनायें !

आचार्य बालकृष्ण

Principal's Message

Acharyakulam is a distinguished educational institution located in Ranchi, Jharkhand, following the CBSE putters to impart knowledge to young minds, while also fostering Vedic education. Our school serves as a platform for students to embark on a journey of self-discovery and intellectual growth, guided by a devoted team of educators committed to unlocking the potential of each child.

We take great pride in establishing a secure, inclusive, and supportive learning environment, where every student is encouraged to excel academically, emotionally, and socially, Our curriculum is thoughtfully designed to promote critical thinking, faster innovation, and cultivate a passion for learning. We offer a wide array of opportunities, both within and Beyond the classroom, allowing our students to explore their interests and cultivate their passions.

At the heart of our educational philosophy lies character development. We aim to instill in our students the values of integrity, respect, and responsibility, as they form the bedrock of a strong and harmonious society. Through our comprehensive extracurricular programs, community outreach initiatives, and emphasis on leadership skills, we inspire our students to become compassionate global citizens who actively contribute to the welfare of others. Together, let us work towards these goals always keeping our School Motto in mind: "Believe in Yourself."

As the famous quote goes, "Educating a mind without educating a heart is no education at all." At Acharyakulam, we firmly believe in nurturing both the mind and heart of our students to create well-rounded individuals capable of making a positive impact on the world.

Sujata Kaura

प्राचार्या का संदेश

झारखंड के राँची में स्थित एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान है– आचार्यकुलम्। जिसमें वैदिक तथा आधुनिक शिक्षा के साथ सी.बी. एस.ई. पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षण कार्य कराया जाता है। विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ स्वयं की खोज और जीवन निर्माण के लिए समर्थ और समावेशी वातावरण प्रदान किया जाता है।

विद्यालय के पाठ्यक्रम में बच्चों को शीघ्र सीखने की कला और उत्साह पूर्वक अध्ययन करने की शैली को प्रधानता दी जाती है। विद्यार्थियों को विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से अवसर प्रदान किए जाते हैं जिससे उनके भीतर प्रतिभाओं का विकास होता है और अपनी रूचि अनुसार अध्ययन करने का और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

शिक्षा के माध्यम से चरित्र निर्माण ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। विद्यार्थियों में ईमानदारी, जिम्मेदारी तथा अनुशासन के साथ जीवन मूल्यों को स्थापित किया जाता है। शिक्षण विधियों, सामाजिक सेवा और नेतृत्व विकास के द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने है ताकि वे एक समर्थ, शिक्षित, सेवाभावी नागरिक बनकर देश सेवा करें और राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दें। ''स्वयं को पहचानो'' इस आदर्श वाक्य को ध्यान में रखते हुए अपने सामर्थ्य को जगाकर अपने जीवन लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु निरंतर अग्रसर रहे ऐसा हम अपने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हैं।

''शिक्षित मस्तिष्क द्वारा शिक्षित मन का निर्माण होता है'' इस भाव के अनुसार ही हम आचार्यकुलम् के विद्यार्थियों के मन मस्तिष्क को स्वस्थ बनाते हैं जिससे विद्यार्थी एक समर्थ मानव बने और संसार को सात्विक ऊर्जा प्रदान हेतु सामर्थ्यशाली बने।

सुजाता कौरा

Introduction

With the divine blessings and guidance of Param Pujya Yogishi Swami Ramdevji and Acharya Balkrishnaji, an innovative vision in the field of value-based education-Acharyakulam Haridwar was inaugurated on 26th of April, 2013. Acharyakulam, educational institute, is the divine confluence of the age-old tradition of imparting wisdom and knowledge in the ancient Gurukulams by our ancestral Rishis&Munies and the ultra-modern Scientific, Professional, and IT-enabled education system of today.

With the vision of reaching the common masses and creating awareness about Vaidic and modern education, a leap was taken and in the capital city of Jharkhand, Ranchi, Acharyakulam was inaugurated in April 2019. In the first year of its inception, the school started with more than 600 students and each year has seen exponential growth and added classes from LKG to 9 .In the last four years, we have seen people of this region taking a keen interest for Vaidic and modern education. And now LKG to 9th 1900 students are in our school.

परिचय

परम् पूज्य योग ऋषि स्वामी रामदेव जी और आचार्य बालकृष्ण जी के दिव्य आशीर्वाद और मार्गदर्शन के साथ, मूल्यों पर आधारित शिक्षा के क्षेत्र में एक नवाचारी दृष्टिकोण – आचार्यकुलम् हरिद्वार का उद्घाटन 26 अप्रैल, 2013 को किया गया था। आचार्यकुलम, एक शैक्षणिक संस्थान, आज के प्रौद्योगिकी, व्यावसायिक और आईटी–सक्षम शिक्षा प्रणाली के साथ–साथ प्राचीन गुरुकुलीय में ज्ञान और शिक्षा का परंपरागत दिव्य संगम है।

सामान्य जनता तक पहुँचने और वैदिक और आधुनिक शिक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य के साथ प्रण लिया गया और झारखंड की राजधानी राँची में आचार्यकुलम् का उद्घाटन अप्रैल 2019 में किया गया। इसके प्रारंभिक वर्ष में, स्कूल ने एलकेजी से 5 तक कक्षाओं को शामिल करके 600 से अधिक विद्यार्थियों के साथ शुरुआत की। पिछले चार वर्षों में, हमने इस क्षेत्र के लोगों की वैदिक और आधुनिक शिक्षा में रुचि देखी है। इसी का परिणाम है कि वर्तमान में विद्यालय में एलकेजी से 9 कक्षा तक 1900 विद्यार्थियों की उपस्थिति है।

Our Mission हमारा लक्ष्य

To groom fully awakened and fully competent souls who will build an awakened, enlightened, and developed family, who in turn will enhance the physical, mental, intellectual, spiritual, social, economic, political, and scientific society that will enrich the nation and then the world.

OBJECTIVES OF ACHARYAKULAM :-

1. To groom up Vaidic scholars to prepare proven scholars in Grammar, Philosophy. Upanishad, Veda, Vaidic literature, Vaidic Mathematics, Indian proven history, and Raj Dharma, etc., and to prepare graduates with the power to give socially, spiritually, economically, scientifically and politically ideal leadership.
2. To prepare leaders of modern Bharata- to prepare intellectuals and national leaders who can set new landmarks in different fields like Technology, Management, Defence, Administrative Services, Police Services, Medicine, Engineering, Games and Sports, Fine Arts, Music, Drama, Agriculture, Industry, Research, etc.

We will be instilling in the young minds the glory, utility, and attraction of both the expectations. Then a child will get prepared according to his/her Karmashaya, Sanskar and Swabhava. Param Pujya Swamiji believes that the possibility of a reformation in a child decreases by one percent with every passing year of age. And generally from every aspect, a child becomes enlightened by one percent every year. But with the help of intellectual efforts, we can develop this enlightenment physically, intellectually, and spiritually by one to ten percent.

पूर्ण जागृत व पूर्ण समर्थ आत्माएँ तैयार करना और इनके द्वारा फिर पूर्ण जागृत प्रकाशित, विकसित तथा शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक व वैज्ञानिक रूप से समर्थ परिवार, समाज,राष्ट्र व विश्व का निर्माण करना।

आचार्यकुलम् की उपादेयताः

1. वैदिक विद्वान् निर्माण योजना – योग, व्याकरण, दर्शन, उपनिषद्, वेद, वैदिक साहित्य, वैदिक गणित, भारतीय सिद्धान्त, इतिहास और राजधर्म आदि विषयों में सिद्ध विद्वानों का निर्माण करना और मानसिक, आध्यात्मिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और राजनैतिक रूप से एक आदर्श नेतृत्व देने की क्षमता रखने वाले स्नातक विद्यार्थी तैयार करना।

2. आधुनिक भारत का नेतृत्व – आधुनिक भारत के निर्माण के लिए सेवा के विभिन्न क्षेत्रों जैसे प्रौद्योगिकी, प्रबन्धन, रक्षा सेवा, प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, खेलकूद, कला, संगीत, नाट्य, कृषि, शिल्प व शोध से लेकर उद्योग आदि विविध क्षेत्रों में नये कीर्तिमान स्थापित करने हेतु बौद्धिक व राष्ट्रीय नेतृत्व तैयार हो। दोनों अपेक्षाओं की महिमा, उपयोगिता एवं आकर्षण हम बच्चों में सम्प्रेषित करेगें। फिर जैसे जिसके कर्माशय, संस्कार एवं स्वभाव होंगे वैसे वे तैयार होंगे। पूज्य श्री स्वामी जी महाराज का मानना है कि बच्चों में आयु के अनुसार प्रतिवर्ष एक–एक प्रतिशत सुधार की सम्भावना क्षीण होती जाती है

तथा सामान्य रूप से हर दृष्टि से एक प्रतिशत जागृति होती है। ज्ञान युक्त पुरुषार्थ से इस जागृति को हम एक (1) प्रतिशत से दस (10) प्रतिशत शारीरिक, बौद्धिक व आध्यात्मिक रूप से विकसित कर सकते हैं।

Our Vision हमारी दृष्टि

Expected behaviour of the members of Acharyakulam family:

1. Knowledge Aspect – To enhance the intellectual development of a child is our primary goal.

2. Behavioural Aspect - To ensure that a child remains 100% free from prominent behavioural vices. And being aware of the latent vices, he/she endeavors with full determination and honesty to get rid of the same so that we can take pride in saying, "We at Acharykulam are following the path of our ancestors." All Acharyas and scholars are expected to have the attitude and values as expected from ideal angels, children of Rishi-Rishikas, Veer-Veeranganas, and the greatest children of Bharatmata. We should have strong morale against unethical conduct. We should have the same hatred against the latent vices like desire, despair, insistence, impulse, reaction, etc., as we have against prominent vices like non-vegetarian diet, malpractices, depravity, violence, addiction, etc. We should not welcome any unethical conduct, though it is true that, our Sanskaras and Karmashaya instilled in our soul from previous lives and our attitude and nature of the present life will stand as the biggest challenges in front of us. However, with awakened conscience, firm determination and enthusiasm, and with the practice of yoga, devotion, and such other methods we can overcome such difficulties and make our evil sanskaras ineffective.

Expected Behaviourfrom the Parents/Guardians

Parents/Guardians must be 100% free from conspicuous vices. They are supposed to be the followers of our ancient and Vedic religion of Rishi-Rishikas, Veer-Veeranganas and great personalities. Furthermore, they must be loyal to their duties and responsibilities and have great reverence, dedication and devotion to our great motherland and own Vedic & spiritual culture, religion and tradition. They must learn the skill to use appreciation punishment as tools for the bright upliftment of their children. Ultimately, it is urged to show utmost dedication, devotion and loyalty towards institution.

आचार्यकुलम् परिवार के सदस्यों से अपेक्षित आचरण:

1. ज्ञान पक्ष – बाल्यकाल से ही बच्चों का बौध्दिक विकास हमारा मूल लक्ष्य है।

2. आचरण पक्ष – स्थूल दोषों से विद्यार्थी 100 प्रतिशत मुक्त रहें तथा सूक्ष्म दोषों को अनुभव करके पूरी ईमानदारी से उनको दूर करने के लिए संकल्पित रहें जिससे कि हम गर्व से कह सकें कि हमारे पूर्वज कैसे थे? आचार्यकुलम् के विद्यार्थी व स्नातकों जैसे थे। एक आदर्श ईश्वर पुत्र, ऋषि–ऋषिकाओं व वीर–वीरांगनाओं की सन्तान तथा भारत माता या धरती माता की श्रेष्ठ सन्तानों को जैसा आचरण रखना चाहिए वैसा ही आचरण हमारे आचार्यो, विद्यार्थियों व स्नातकों का हो। अशुभ आचरण के प्रति प्रतिपक्ष भावना अत्यन्त सबल होनी चाहिए। जैसी हमारी माँसाहार, दुराचार, हिंसा व दुर्व्यसनों के प्रति होती है, वैसी ही भावना जीवन के सूक्ष्म दोषों – वासना, निराशा, आवेग, आग्रह एवं प्रतिक्रिया आदि के प्रति निर्मित हो। अशुभ का हम स्वागत न करें। यह सत्य है कि अनादि काल से हमारे साथ जुड़ा कर्माशय, संस्कार, इस जन्म का स्वभाव व प्रवृति दोष हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती या बाधा बनकर बीच में आयेगा। लेकिन दृढ़ संकल्प व उत्साह के साथ विवके पूर्वक योग, साधना व तपः पूत वातावरण में गुरुजनों के पावन सान्निध्य, आशीर्वाद, आज्ञानुवर्तन, प्रियाचरण एवं प्रभुकृपा से हम इस समस्या पर भी विजय पाकर निश्चय ही अपने समस्त अशुभ संस्कारों को दग्धबीज या निर्बीज करेंगे। इस पवित्र संकल्प को हमें अपने जीवन में प्रतिपल क्रियान्वित करना है।

अभिभावकों से अपेक्षित आचरण:

अभिभावक स्थूल दोषों से 100 प्रतिशत मुक्त होने चाहिए। ऋषि–ऋषिकाओं, वीर–वीरांगनाओं एवं महापुरुषों के पथानुगामी हों। स्वधर्म (वेदधर्म, मातृधर्म, पितृधर्म, राष्ट्रधर्म) के प्रति पूर्ण निष्ठावान् होने चाहिए। बालक–बालिकाओं के प्रति पूर्ण स्नेह के साथ–साथ उनके उत्कर्ष हेतु अभिभावकों में उदारता एवं कठोरता होनी चाहिए। संस्थान के प्रति पूर्ण समर्पित, ईमानदार एवं निष्ठावान् हों।

Salient Features मुख्य विशेषताएँ

1. As a trailblazer of a different education system, Acharyakulam integrates the eternal and sacred heritage of oral Vaidic learning along with the latest developments in modern education in a world-class learning ambience, facilitated with the best hi-tech multimedia learning tools.
2. As a part of the traditional Acharykulam system, the children master subjects ranging from Sanskrit, Veda-Vedangas, Upanishad, Vaidic Mathematics, Philosophy, etc. Similarly part of Modern education they also develop proficiency in the English language, English conversation, Mathematics, Science, Social Studies, Art & Craft, Sports, etc. However, inculcating Vaidic Culture, Ethics and Sanskaras lie at the centre of the whole concept.
3. Multi-faceted and Comprehensive development of the individual's personality is the objective of Education. A truly holistic development-i.e. the development of physical, intellectual, spiritual and emotional faculties of a child is the goal here at Acharykulam and regular practice of yoga and hawan by the whole of its family plays a significant role to achieve this goal.
4. Acharyakulam is a confluence of the best of the Eastern and the Western systems of Education.
5. With special emphasis on spirituality and character building, Acharyakulam has been established as the breeding ground for social and National leaders of tomorrow.
6. To inculcate the indomitable love for the Motherland and the Mother Nature, the young children here will be taught the Swadeshi way of life based on Yoga and Ayurveda with satvik and nutritious food.
7. The institution always encourages innovative and creative programs.

1. नवीन शिक्षा व्यवस्था के अन्वेषक के रूप में आचार्यकुलम् में प्राचीन वैदिक परंपरा के साथ–साथ अत्याधुनिक विधाओं व उपकरणों से सुसज्जित परिसर में आधुनिक पाठ्यक्रम का समन्वय किया गया है।
2. परम्परागत वैदिक गुरुकुलीय पद्धति के अनुरूप छात्र एक ओर जहाँ संस्कृत, वेद–वेदांग, उपनिषद्, दर्शन इत्यादि में दक्षता प्राप्त करते हैं, वहीं दूसरी ओर वे आधुनिक शिक्षा पद्धति के अनुरूप अंग्रेजी भाषा, अंग्रेजी सम्भाषण, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कला एवं शिल्प व खेलों में भी निपुण होते हैं। छात्रों में वैदिक सभ्यता, संस्कार एवं मानवीय मूल्यों को अंतर्निविष्ट करना ही "आचार्याकुलम्'' की अवधारणा का केन्द्र बिन्दु है।
3. बहुआयामी व समग्र व्यक्तित्व का निर्माण करना ही शिक्षा का उद्देश्य है। शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, बौद्धिक व आध्यात्मिक रूप से छात्रों का सर्वांगीण विकास ही आचार्यकुलम् का लक्ष्य है तथा आचार्यकुलम् परिवार द्वारा प्रतिदिन किये जाने वाले योग व प्रातःकालीन हवन की इस उद्देश्य की प्राप्ति में महत्त्वपूर्ण भूमिका है।
4. आचार्यकुलम् पूर्व और पश्चिम की श्रेष्ठतम शैक्षणिक पद्धतियों का अद्वितीय संगम उदाहरण है।
5. आध्यात्मिकता तथा चरित्र निर्माण पर विशेष बल देते हुए आचार्यकुलम् को कल के भावी सामाजिक व राष्ट्रीय नेतृत्व निर्माण की दिव्य निर्माणशाला के रूप में स्थापित किया गया है।
6. भारत माता तथा प्रकृति के प्रति आदर व प्रेम अंतर्निविष्ट करने के लिए छात्रों को योग, आयुर्वेद पर आधारित स्वदेशी जीवन पद्धति एवं पूर्ण सात्विक व पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाता है।
7. संस्थान में सदैव अभिनव तथा रचनात्मक क्रियाकलापों को प्रोत्साहन दिया जाता है।

ACADEMIC FACILITIES

Natural Environment with Lush Green Campus

The Acharyakulam, under the spiritual and divine guidanceof Param Pujya Yogrishii Swami Ramdevji and Param Shraddhey Acharya Balkrishnaji, is established in a green and spacious campus that transmits the children to a totally different environment from the hustle and bustle of the city to a calm, spiritual and serene ambience. The campus has a stretch of green space all around the school building creating an apt environment for the students to concentrate and focus in their academics.

Besides the infrastructures are regularly upgraded to meet the upcoming requirements of the school.

The school has lush green campus with varieties of decorative plants and medicinal herbs. The orchidsmeadows with variety of flowers are a visual treat and the fresh air of the campus with scenic beauty provides tranquility and peace. For small kids there is mini zoo containing ducks, fishes etc. The 'greenness' of a school finds expression in various aspects of environment. There is a cow shed with number of cows as it is considered sacred and students are taught about its piousness and cultural importance.

Administrative Block

The nodal point of our campus, the Acharyakulam Administrative Block is designed to reflect the lively and Vedic transparent character of the school. It accommodates key staff offices and departments, a reception desk, a conference centre, a visitor's lounge as well as an outlet for complete school campus.

शैक्षणिक सुविधाएं

प्राकृतिक वातावरण और हरियाली से आच्छादित परिसर

परम् पूज्य योग–ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज और आयुर्वेद शिरोमणि श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी महाराज के मार्गदर्शन में, शैक्षणिक, आध्यात्मिक, प्राकृतिक वातावरण के साथ वैदिक शिक्षा और संस्थान आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं से परिपूर्ण है– आचार्यकुलम्।

आचार्यकुलम् विद्यालय में बच्चों को प्रकृति के निकट रखने हेतु हरा–भरा परिसर निर्मित किया गया है। इसमें विभिन्न प्रकार के फलों के पौधे, औषधीय पौधे और सदैव परिसर को हरा–भरा सुंदर बनाए रखने वाले स्थाई पौधों को लगाया गया हैं। मौसम के अनुसार फूल देने वाले और परिसर को सुंदर बनाने वाले छोटे–छोटे विभिन्न प्रकार के दर्शनीय पौधों को लगाया जाता है। जिससे विद्यार्थी अधिकतम पौधों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें।

प्रशासनिक भवन



वैदिक और आधुनिक समस्त सुविधायुक्त विद्यालय परिसर का प्रशासनिक भवन दोनों शैक्षिणिक भवन (बालक और बालिका) के मध्य निर्मित किया गया है। जिसमें भूतल पर अभिभावक तथा नवागन्तुकों के लिए स्वागत कक्ष तथा शिक्षक–अभिभावकों के लिए सभा कक्ष, प्राचार्या कक्ष आदि को व्यवस्थित तरीके से बनाया गया है। इसके उपरी भाग में बच्चों के अध्यापन व शिक्षण हेतु लाइब्रेरी, कम्प्यूटर–लैब, भौतिकी, रासायनिकी, जैविक लैब, संगीत, चित्रकला, नृत्य, खेल कक्ष आदि स्थापित किए गए है। जिनके माध्यम से बच्चों को अधिकतम कलाओं में निपुण किया जा सकें।

Assembly Area

The school has two big assembly areas where the students start their day with yagya, hawana and yoga to refresh and energise themselves for the day in a spiritual note. One is a Green court in the ground floor and other a hall on the fourth-floor. Both the space is even the epicentre of various school cultural activities.

Game Facility

There are few things as joyful as to behold children at play. Also, a child's body needs to be exercised as much as the mind. Thus, Acharyakulam can boast of its sports facilities which includes 3 huge playgrounds which are fit to host all national tournaments. A special sports room for Indoor games has been especially designed to play table tennis, carom, chess, martial arts etc.

Playground

The school has three huge playgrounds with ample space. A separate area is dedicated to equipments to enhance the motor skills of pre primary students like slides, swings, climbers, spring riders, spinners and seesaw for children. Outdoor games like cricket, football, volleyball, hockey, etc. Can be played in this vast playground.

Art and Craft Atelier



